तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 11 अप्रैल 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 गुस्साई यूनियनों ने भिलाई इस्पात संयंत्र के बोरिया गेट...



14 पार्टी का आदेश सर्वोपरि, समाज का नाम ऊंचा रखूंगा...



## खबर संक्षेप

### राजपूत क्षत्रिय महासभा का निर्वाचन 13 को

**देवकर।** राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ रहटादाह पंजीयन क्रमांक 1282 का वार्षिक महाधिवेशन का त्रिवर्षीय महासभा का निर्वाचन 12 एवं 13 अप्रैल को चौहान इम्पीरियन होटल एंड रिसॉर्ट दुर्ग बायपास रोड, भिलाई में होगा। मीडिया प्रभारी डॉ. मिलाप सिंह ठाकुर ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 12 अप्रैल को प्रातः 8 बजे से ज्योति कलश स्वागत, अधिवेशन उद्घाटन, शौर्य पत्रिका का विमोचन। महासभा के कोषाध्यक्ष एवं महासचिव का वार्षिक प्रतिवेदन एवं खुला मंच, अतिथि स्वागत एवं आशीर्वचन शोभा यात्रा के साथ नगर भ्रमण रात्रि 9 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ प्रथम दिवस का कार्यक्रम होगा। द्वितीय दिवस 13 अप्रैल को केंद्रीय त्रिवर्षीय निर्वाचन की प्रक्रिया प्रातः 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक अधिवेशन स्थल में होगी। उप समिति के सक्रिय सदस्यगण इस निर्वाचन में मतदाता होंगे। मतदान हेतु सक्रिय सदस्यों को मताधिकार के प्रयोग के लिए अपना परिचय पत्र तथा आधार कार्ड, वोटर आईडी, मार्कशीट साथ लेकर आना होगा।



### आरक्षक को धक्का देकर बंदी हुआ फरार

**भिलाई।** आरक्षक को धक्का देकर दंड़ित बंदी न्यायालय दुर्ग से फरार होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 262 के तहत जूर्म दर्ज किया है। मिली जानकारी के मुताबिक विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस) सुनीता टोप्पो के न्यायालय में कुम्हारी के एनडीपीएस मामले में जेठूपाली थाना कोमना जिला नुआपाडा उड़िसा निवासी दिनेश उर्फ राहुल तांडी अंगुली चिन्ह लगाने के दौरान आरक्षक को धक्का देकर फरार हो गया। दिनेश के खिलाफ कुम्हारी में अपराध क्रमांक 2/224 की धारा 29 (ख), (ग) धारा 29 एनडीपीएस के तहत अभियुक्त का दोषसिद्ध कर दंड़ित किया गया। तभी शाम 4.30 बजे उक्त प्रकरण में दिनेश को मौका मिलते ही न्यायालय से फरार हो गया।

### चोरी करने वाला अपचारी बालक गिरफ्त में

**भिलाई।** चोरी करने वाला अपचारी बालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि बालक के पास से आईफोन 11 जब्त किया है। वार्ड 33 दुर्ग निवासी आराध्या शर्मा ने शिकायत की थी कि खाना खाकर परिवार समेत सो गए थे तभी कमरे में अज्ञात चोर आया और आलामरी से नगदी रकम 50 हजार समेत अन्य सामान पार कर दिया।

# 10वीं-12वीं के विद्यार्थियों को आने लगे फर्जी कॉल, पास करने के लिए पैसे की डिमांड

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेरला

अंचल में साइबर ठगी के मामले में नई जानकारी सामने आ रही है। बोर्ड परीक्षा में पास कराने के नाम पर 10वीं व 12वीं के विद्यार्थियों से फर्जी कॉल के माध्यम से पैसों की डिमांड की जा रही है। आपको बता दें कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल एवं केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित बोर्ड की परीक्षाएं अभी हाल ही में सम्पन्न हुई हैं। उसके बाद 10वीं व 12वीं के विद्यार्थियों को लगातार रॉन्ग नंबर से परीक्षा में बेहतर परिणाम, कम नंबर आने पर पास करना, विषयों में फैल को पास करने जैसे तरह-तरह कारनों से झांसा देकर पैसों की डिमांड कर रहे हैं। वहीं, विद्यार्थियों को ज्यादातर शाम को कॉल करते हैं। विषय में पास करना और बेहतर परिणाम के नाम पर 7 से 10 हजार रुपये तक के डिमांड की जा रही है। जानकारी के मुताबिक ठगों के द्वारा खुद को माध्यमिक शिक्षा मंडल अधिकारी या उनके पहचान का होना बताकर नंबर बढ़ाने, पास कराने या कम्प्यूटर में डेटा चेंज का झूठा दावा करते हुए, फीस या चार्ज के नाम पर बैंक एकाउंट या यूपीआई डिटेल्स प्राप्त कर ठगी की जा रही है। उसके बाद यूपीआई के माध्यम से फोन पे करने के लिए विद्यार्थियों बोला जा रहा है। जिससे विद्यार्थी भय व साइबर ठगी का शिकार होने का चिंता सता रही है।

- पास कराने या बेहतर परिणाम के लिए 7 से 10 हजार रुपए तक की जा रही डिमांड

## ठग माशिमं का अधिकारी या उनके करीबी होने का दे रहे झांसा




### फर्जी कॉल या लिंक संबंधित मेसेज से बचे, पुलिस से संपर्क करें

इस संबंध में पुलिस ने कहा है कि यदि कोई लिंक प्राप्त होता है, तो लिंक को न खोलें। अपनी बैंकिंग जानकारी ओटीपी, यूपीआई डिटेल्स आदि किसी के साथ साझा न करें। ऐसी सूचनाओं की पुष्टि स्कूल या परीक्षा केन्द्र्र से करें। त्रुटिवश कॉल्स रिसिव कर लेने या लिंक खोलने पर ठगी का शिकार होने की स्थिति में इसकी शिकायत तत्काल साइबर हेल्पलाईन नंबर 1930 पर दर्ज कराते हुए निकटतम पुलिस थाने में इसकी सूचना दें।

परेशानी

**ग्राम सलधा-सिंघौरी-मनियारी-परपोड़ा में पीडब्ल्यूडी द्वारा किया जा रहा है सड़क निर्माण**

# सालभर में ही उखड़ने लगी सड़क ग्रामीणों ने गुणवत्ता पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेरला

लोक निर्माण विभाग साजा से एक बड़ा मामला सामने आ रहा है। सड़क निर्माण में लापरवाही व गुणवत्ताहीन निर्माण के कारण सड़क से जगह-जगह से डामर वाली परत उखड़ने लगी है। आपको बता दें कि बेरला ब्लॉक के ग्राम सलधा-सिंघौरी-मनियारी-परपोड़ा में पीडब्ल्यूडी सड़क निर्माण किया जा रहा है। कार्य अब भी प्रगति पर है। वहीं, सड़क में डामरीकरण किया जा चुका है। लेकिन सवाल उन कारणों से उठ रहे हैं कि साल भर निर्माण को नहीं हुए और सड़क की डामर जगह-जगह उखड़ने लगी है। प्रत्यक्षदर्शियों व अंचल वासियों का कहना है सड़क में घटिया मटेरियाल व बिना जांच एवं बिना इंजीनियर के चलते निर्माण कार्य किया जाना सड़क की असलियत और परिणाम सामने आ रहे है। साथ ही सड़क किनारे मुरुम तक नहीं डाली गई है। इसके कारण साईड शोल्डर क्षतिग्रस्त हो रहे हैं, जो राहगीरों के लिए खतरा बन गए हैं। इससे एक ओर जहां लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।



### जगह-जगह धंसने लगी सड़क

सड़क जहां से निर्माण कार्य किया गया, वहां से मुरुम मिट्टी बारिश में बह गई। इससे कई जगहों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। पुल व मोड़ वाली जगहों पर मिट्टी बह गई है, जो खतरे से कोई कम नहीं है। यहां सड़क मार्ग से गुजरने पर अचानक गड्ढे में धंसने की आशंका बनी हुई है। इसे नजरंदाज करना बड़ी दुर्घटनाओं को जन्म दे सकता है। इसके बावजूद आज तक सम्बंधित इंजीनियर, एसडीओ एवं कार्यपालन अभियंता भी जांच के लिए नहीं आए। इससे ग्रामीणों में कई प्रकार के सवाल उठ रहे हैं।

# हत्या के आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करें, धोबी समाज ने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ प्रदेश धोबी समाज ने समाज के अशोक निर्मलकर उम्र लगभग 70 वर्ष साजा क्षेत्र के ग्राम घोटवानी में निर्मम कुल्हाड़ी से हत्या किए जाने एवं अपराधी को 5 दिन में पुलिस द्वारा ना पकड़ने को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर चर्चा की। इस दौरान ज्ञापन सौंपकर अपराधी जीवन लाल वर्मा को न पकड़े जाने पर प्रदेश धोबी समाज एवं जिला धोबी समाज द्वारा जन आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी गई। इसके साथ ही समाज के लोगों ने पीड़ित परिवार से मिलकर मृतक के पुत्र विजय कुमार निर्मलकर से जानकारी ली। इस अवसर पर प्रदेश पदाधिकारी प्रतिनिधि, कृष्ण कुमार निर्मलकर बिलासपुर प्रदेश महासचिव, शिवनाथ बरेठ जिला अध्यक्ष शक्ति, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ रामकुमार निर्मलकर, जिला अध्यक्ष बेमेतरा अनिल रजक, जिला महासचिव राजेंद्र निर्मलकर, ठाकुर राम निर्मलकर, दुलार निर्मलकर, नेमी राम रजक, युवा जिला अध्यक्ष तारकेश्वर रजक सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# हरे-भरे वृक्षों पर चल रही कुल्हाड़ी



हरिभूमि न्यूज ▸▸| परपोड़ी

नगर पंचायत परपोड़ी एवं एवं आसपास के क्षेत्र में बे धड़क हरे पेड़ों की कटाई अंधाधुंध हो रही है। एक तरफ प्रत्येक ग्रामों में और नगर में जैसे ही बारिश का सीजन प्रारंभ हुआ और हरियाली त्यौहार आया कि शासन, प्रशासन, स्कूल, कॉलेज, नगर, गांव सभी को पेड़ लगाने की चिंता सताने लगती है और शासन स्तर पर करोड़ों रुपए पेड़ लगाने के नाम पर खर्च किए जाते हैं। एक पेड़ लगाकर एक दर्जनों नेता उस पेड़ के साथ फोटो खिंचवाकर अखबारों और सोशल मीडिया में फोटो छपवाएंगे, जैसे पेड़ पौधों के बड़े ही हितैषी कोई नहीं हैं। आखिर इतने पेड़ लगाते हैं, तो वे जाते कहां है?

इस अक्षय प्रश्न का उत्तर गर्मी शुरू होते ही मिलने लगता है, जब पेड़ों की अंधाधुंध कटाई प्रारंभ हो जाती है। वर्तमान में देखा जाए तो हरे पेड़ों की अंधाधुंध कटाई चल रही है। कीमती एवं बहुमूल्य लड़कियां प्रत्येक दिन शाम होते ही गंडई धमधा मार्ग पर कई मेटाडोर में ले जाते खुलेआम दिखाई देते हैं। हरे पेड़ों की कटाई और परिवहन लगातार जारी है। जबकि इस रास्ते में तीन थाने पड़ते हैं और तीनों थाना क्षेत्रों से होकर अवैध लड़कियों से भरे मेटाडोर प्रत्येक दिन निकल रहे हैं। लेकिन, शायद इन वाहनों पर इन थानों के अधिकारियों की या तो नजर नहीं जाती, या फिर वे इन्हें नजर अंदाज कर जाते हैं। कारण चाहे जो भी हो, इस पर किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं करने से कई तरह के सवाल उठने लगे हैं। लेकिन, इस बीच एक और जानकारी निकलकर आ रही है कि पुलिस थानों में कार्रवाई नहीं की जा सकती। बताया तो ये भी जा रहा है कि यदि थानेदार कार्रवाई करे, तो बड़े नेताओं के फोन तुरंत आ जाते हैं। यदि थाना वाले ना छोड़े तो बड़े अधिकारियों का फोन घनघना जाता है कि वह अमुक बड़े नेता का आदमी है, छोड़ दो और अमूमन थानेदार को ▸▸| शेष पेज 13 पर

- अंचल में बड़ी मात्रा में काटे जा रहे पेड़, नहीं हो रही कार्रवाई

## एसएसपी बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने जारी किया स्थानांतरण आदेश

# जिले के 31 प्रधान आरक्षक व 133 आरक्षक इधर से उधर हुए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने प्रशासनिक दृष्टिकोण एवं 3 वर्षों से रक्षित केंद्र, थाना-चौकी एवं अन्य शाखा में पदस्थ जिले के कर्मचारियों का स्थानांतरण आदेश जारी किया। जिसमें प्रशासनिक दृष्टिकोण एवं 03 वर्षों से रक्षित केंद्र, थाना-चौकी एवं अन्य शाखा में पदस्थ जिले के 133 आरक्षक एवं 31 प्रधान आरक्षक सहित 164 कर्मचारियों का तबादला किया गया है। इनमें प्रधान आरक्षक अजय भगत रक्षित केन्द्र से थाना नांदघाट, प्रधान आरक्षक दिनेश मंडावी थाना बेरला से चौकी देवकर, प्रधान आरक्षक गोविंद सिंह क्षत्री थाना बेरला से चौकी देवकर, प्रधान आरक्षक मान दास साहू चौकी देवकर से थाना बेरला, प्रधान आरक्षक संदीप सिंह चौकी देवकर से थाना परपोडी, प्रधान आरक्षक देवनारायण तिवारी थाना बेमेतरा से चौकी खण्डसरा, प्रधान आरक्षक अवधेश सिंह थाना बेमेतरा से प्रभारी डीसीबी/डीसीआरबी शाखा, महिला प्रधान आरक्षक बालमती नायक थाना बेमेतरा से महिला सेल, प्रधान आरक्षक भागवत सिंह चौकी देवरबीजा से थाना परपोडी,प्रधान आरक्षक विजय कुमार साहू थाना साजा से चौकी देवरबीजा, प्रधान आरक्षक खेमुराम वर्मा चौकी खण्डसरा से थानखम्हरिया, प्रधान आरक्षक भुषण प्रसाद ठाकुर थाना बेरला से थाना बेमेतरा, प्रधान आरक्षक शिवराज सिंह थाना परपोडी से थाना साजा, प्रधान आरक्षक चंद्रशेखर राजपूत थाना खम्हरिया से थाना साजा, महिला प्रधान आरक्षक वर्षा चौबे थाना दाढी से थाना अजाक, प्रधान आरक्षक अजय सिन्हा रक्षित केन्द्र से थाना नांदघाट, प्रधान आरक्षक पेखन सिंह राजपूत रक्षित केन्द्र, हाल थाना बेमेतरा सम्बद्ध से जिविशा शाखा, प्रधान आरक्षक भेनूराम साहू रक्षित केन्द्र, हाल थाना बेमेतरा सम्बद्ध से थाना बेरला किया गया है। इसी तरह प्रधान आरक्षक शत्रुहन बंजारे रक्षित केन्द्र, हाल थाना बेमेतरा सम्बद्ध से चौकी मारो, प्रधान आरक्षक जागेश्वर भारती रक्षित केन्द्र, ▸▸| शेष पेज 13 पर

- 3 वर्षों से रक्षित केंद्र, थाना, चौकी एवं अन्य शाखा में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों का किया गया तबादला



### इन आरक्षकों के किए गए तबादले

इसी तरह आरक्षक उमेश बरिहा रक्षित केन्द्र से थाना अजाक, महिला आरक्षक सुनीता गोयल रक्षित केन्द्र से महिला सेल, आरक्षक रविन्द्र कुमार उईके रक्षित केन्द्र से थाना बेमेतरा, आरक्षक जय कुमार गुप्ता रक्षित केन्द्र से थाना अजाक, रेखन राम साहू रक्षित केन्द्र से थाना बेमेतरा, आरक्षक बिरेन्द्र कुमार रक्षित केन्द्र से चौकी देवरबीजा, आरक्षक संजय कुमार मिरे रक्षित केन्द्र से थाना बेमेतरा, आरक्षक राजेन्द्र सिंह मेरावी रक्षित केन्द्र से थाना बेमेतरा, आरक्षक राजेश नाथ योगी रक्षित केन्द्र से थाना बेमेतरा, आरक्षक गितेश कुमार साहू रक्षित केन्द्र से चौकी खण्डसरा, आरक्षक संजय कुमार सप्रे रक्षित केन्द्र से चौकी खण्डसरा, आरक्षक मुकेश कुमार यादव रक्षित केन्द्र से चौकी देवकर, आरक्षक संजय मिरे रक्षित केन्द्र से थाना बेमेतरा, आरक्षक जगन्नाथ ▸▸| शेष पेज 13 पर




# झरने में खूब नहाएंगे जंगल के राजा और परिंदों को मिलेगा फौव्वारे का मजा

## मैत्रीबाग चिड़ियाघर में वन्य प्राणियों को गर्मी से बचाने किए जा रहे व्यापक प्रबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शहर में गर्मी बढ़ने के साथ ही मैत्रीबाग चिड़ियाघर में बेजुबां वन्य प्राणियों को तपिश से बचाने के इंतजाम शुरु कर दिए गए हैं। प्रबंधन द्वारा जानवरों और पक्षियों को ठंडकता प्रदान करने के लिए विभिन्न प्रबंध किए जा रहे हैं। तापमान बढ़ने के साथ ही जानवरों की सेहत न बिगड़े, इसका भी चिकित्सकों द्वारा ध्यान रखा जा रहा है। जंगल के राजा टाइगर को फौव्वारे की शीतल फुहारों और चींचीं करने वाले परिंदे को भी दिनभर पानी के छींटों से राहत मिलेगी। उल्लेखनीय है कि गर्मी में तापमान निरंतर बढ़ रहा है। अगले महीने नवतपा लगने पर भीषण गर्मी पड़ेगी। गर्मी बढ़ते ही मैत्रीबाग के वन्य प्राणी दोपहर में बैचैनी महसूस करने लगे है। इस देखते हुए हर साल की तरह इस बार भी जानवरों को परिंदों को भीषण गर्मी से बचाने के लिए प्रबंधन द्वारा व्यापक इंतजाम शुरु किए जा रहे हैं। बड्र्स कांप्लेक्स और जानवरों के एनक्लोजर में छाया और ठंडकता के प्रबंध किए जा रहे हैं। जंगल के राजा टाइगर और लायन के एनक्लोजर में शीतलता के लिए झरना का इंतजाम किया जा रहा है। दुर्लभ और संवेदनशील माने जाने वाले सफेद बाघों को भीषण गर्मी से बचाने उनके बाड़े में रेत डालकर शेड से पानी गिराया जाएगा। यहां सात सफेद बाघ हैं। इसी तरह लेपर्ड और स्पांडेट डियर के एनक्लोजर में फौव्वारा लगाकर ठंडकता प्रदान की जाएगी। हिरणों के बाड़े में भी शेड लगाया जा रहा है। चिड़ियाघर में करीब डेढ़ सौ हिरण हैं। पेलिकान बर्ड के पोखर में भी पानी लबालब भरा रहे, इसका ध्यान रखा जा रहा है। चिड़ियाघर में दो प्रजाति को 17 पेलिकान बर्ड हैं, जो सदैव पानी में तैरते रहते हैं।





### बड्र्स कांप्लेक्स में लगेगा स्प्रिंगलर

मैत्रीबाग के जानवरों की तरह पक्षियों को भी गर्मी से राहत दिलाने के लिए उपाय किए जा रहे हैं। बड्र्स कांप्लेक्स में विभिन्न प्रजाति के सौ से अधिक परिंदे और परिंदे और बंदर आदि हैं। यहां सभी के कैज में ग्रीन नेट चटाई लगाई जा रही है। इससे आगे भीषण गर्मी में उन्हें गर्म हवा से बचाया जाकेगा। इसके साथ ही बड्र्स काम्पलेक्स परिसर में ठंडकता प्रदान के करने के लिए स्प्रिंगलर लगाया जा रहा है। इससे चारों ओर पानी के छींटे परिंदों के कैज में पड़ते रहेंगे। गर्मी बढ़ने पर वन्य प्राणियों की सेहत का भी ध्यान रखा जा रहा है। मैत्रीबाग के प्रभारी डां. एनके जैन ने बताया कि वन्य प्राणियों को डीहाइड्रेशन से बचाने के लिए सुपाच्य खाना दिया जाता है। बंदरों को तरबूज, खरबूज और खीरा और भालू को शहद और खिचड़ी दी जाती है।

## खबर संक्षेप

### जीतेश्वरी को मिली पीएचडी उपाधि

**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा रायपुर की जीतेश्वरी को उनके शोध प्रबंध 'इक्कीसवीं शताब्दी की चुनौतियां और हिंदी कहानी की बदलती हुई संरचना एवं संवेदना का अनुशीलन ( किरण सिंह, तरुण भटनागर, उमा शंकर चौधरी, ज्योति चावला और दिव्य विजय की कहानियों के संदर्भ में )' विषय पर डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने अपना यह शोध प्रबंध डॉ. कैलाश शर्मा के निर्देशन और डॉ.अभिनेष सुराना के सह निर्देशन में शोध केंद्र हिंदी विभाग, शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग के माध्यम से प्रस्तुत किया था। जीतेश्वरी संपूर्ण हिंदी क्षेत्र में युवा समीक्षक हैं। वे छत्तीसगढ़ संवाद में कॉपी राइटर के पद पर कार्यरत हैं।



### घरेलू गैस के रेट में वृद्धि वापस लें: भाकपा माले

**भिलाई।** भाकपा माले लिबरेशन छत्तीसगढ़ राज्य कमेटी ने केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल- डीजल के दामों में एक्साइज ड्यूटी बढ़ाने तथा घरेलू गैस के दामों में की गई 50 रूपए की बढ़ोतरी का विरोध करते हुए वापस लेने की मांग की है। भाकपा माले ने जारी बयान में कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार मे क्रूड ऑयल के दामों में हो रही लगातार गिरावट के बावजूद यह मूल्य वृद्धि की गई है। सरकार द्वारा कारपोरेट कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए यह मूल्य वृद्धि की गई है।

### जेएलएन अस्पताल में उन्नत नवजात पुनर्जीवन कार्यक्रम

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य चिकित्सालय, सेक्टर-9 जेएलएन अस्पताल में उन्नत नवजात पुनर्जीवन विशिष्ट चिकित्सा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक डॉ. रवींद्रनाथ एम और विशिष्ट अतिथियों में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनीता द्विवेदी, डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर एवं डॉ. सौरव मुखर्जी थे। प्रशिक्षण सत्र का मार्गदर्शन डॉ. पवन जैन, डॉ. आकाश लालवानी, डॉ. निलय मोजार्कर, डॉ. ज्ञानेश मिश्रा और डॉ. माला चौधरी आदि राष्ट्रीय प्रशिक्षकों की विशेषज्ञ टीम द्वारा किया गया। प्रशिक्षण सत्र में प्रतिभागियों को अत्याधुनिक नैदानिक कौशल प्रदान किए गए। डॉ. रवींद्रनाथ ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम जटिल नवजात स्वास्थ्य चुनौतियों के प्रबंधन में चिकित्सकों को दक्ष बनाते हैं और यह पहल न केवल बीएसपी अस्पताल के नवजात देखभाल मानकों को सुदृढ़ करती है।

### कलाकारों ने लोककलाकार सफीन दास को दी श्रद्धांजलि

**भिलाई।** शहर के कलाकारों ने वरिष्ठ लोक कलाकार सफीन दास मानिकपुरी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। जामुल निवासी प्रसिद्ध पंडवानी गायिका तीजन बाई के संगतकार और आकशवाणी के ए ग्रेड कलाकार सफीन दास का मंगलवार को निधन हो गया था। कलाकार बिरादरी ने उनके निधन को अपूर्णीय क्षति बताया है। स्व सफीन दास एक वरिष्ठ बांसुरी व हारमोनियम वादक थे। वे एक अच्छे छत्तीसगढ़ी गीतकार और लोक गायक भी थे। उनके गीतों को प्रसिद्ध लोक गायिका ममता चंद्राकर, अनुपमा और लोक गायक मिथलेश साहू कुलेश्वर ताम्रकार,उन्होंने छत्तीसगढ़ी फिल्मों के डायरेक्टर संतोष जैन की टेली फिल्म किरिया में अभिनय भी किया था।



चार साल बाद भी अधूरा है वेतन समझौता, नहीं मिला 39 माह का एरियर्स

# गुस्साई यूनियनों ने भिलाई इस्पात संयंत्र के बोरिया गेट पर किया प्रदर्शन

## संयुक्त यूनियन के बैनर तले जुटे लोगों ने की नारेबाजी, सभी मांगें जल्द पूर्ण करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हजारों सेल कर्मियों के चार साल से अपूर्ण वेतन समझौता सहित कई मांगों के अब तक पूर्ण नहीं होने से बीएसपी कर्मियों में असंतोष बढ़ रहा है। गुस्साए संयुक्त यूनियनद्वारा बुधवार को भिलाई इस्पात संयंत्र के बोरिया गेट के सामने बड़ा प्रदर्शन किया

- सेल चेयरमेन के नाम सौंपा ज्ञापन

गया । सेल चेयरमेन के नाम ज्ञापन सौंपकर जल्द सभी मुद्दों के निदान की मांग की गई। ऐसा नहीं होने पर कड़े कदम उठान की चेतावनी दी गई।

सेल कर्मचारियों का 39 महीने का एरियर्स सहित वेज रिवीजन आदि मुद्दों को लेकर संयुक्त ट्रेड यूनियन के बैनर तले बोरिया गेट पर सुबह 8 से 9 बजे तक यूनियनों के लोग जुटे। झंडे फहराते हुए मांगों को लेकर सेल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी कर आक्रोश जताया गया। घंटेभर तक नारेबाजी और प्रदर्शन के बाद संयुक्त यूनियन के तहत बीएमएस ,इंटक, एटक, सीटू, एचएमएस, एक्टू, लोईमू और स्टील वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारियों ने भिलाई इस्पात संयंत्र के आईआर विभाग के सहायक महाप्रबंधक रोहित हरित को सेल चेयरमेन के नाम बीएसपी सेल चेयरमेन के नाम ज्ञापन देने पहुंचे। ज्ञापन में जल्द एनजेसीएस की बैठक कर 39 महीने का एरियर सहित वेज रिवीजन के अन्य मुद्दों का जल्द समाधान करने की मांग की ।



### जल्द एनजेसीएस बैठक बुलाने पर जोर

संयुक्त यूनियन के संयोजक वंश बहादुर सिंह ने कहा कि चार साल बाद भी सेल कर्मचारियों का वेतन समझौता पूर्ण नहीं किया गया है। सेल प्रबंधन को कर्मचारियों के हितों की परवाह नहीं है। 39 महीने के एरियर्स भुगतान सहित अन्य मांगों पर ध्यान नहीं दिए जाने से कर्मियों में असंतोष बढ़ रहा है। सीटू के जगन्नाथ प्रसाद त्रिवेदी ने हजारों कर्मचारियों की मांगों पर चर्चा करने जल्द फुल एनजेसीएस बैठक बुलाने पर जोर दिया। एचएमएस, लोइमू, एक्टू और स्टील वर्कर्स यूनियन के प्रतिनिधियों ने मांगों के लिए सेल प्रबंधन पर पुरजोर दबाव बनाने कहा।



### यह हैं कर्मियों की लंबित मांगें

सेल कर्मचारियों का 39 महीने का लंबित एरियर्स जल्द भुगतान, एचआरए एवं एच ए पर्कस सहित वेज रिवीजन के मुद्दों का समाधान किया जाए, इंसेंटिव स्कीम का रिवीजन करने, फेस्टिवल एडवांस की राशि में बढ़ोतरी कर 50 हजार रुपए देने, भिलाई में 650 स्क्वायर फीट तक के क्वार्टर के लिए लाइसेंस स्कीम शुरू करने, ठेका श्रमिकों का वेज रिवीजन करने, 39 महीने के एरियर्स का भुगतान और चर्चा के लिए एनजेसीएस बैठक जल्द बुलाने की मांगें प्रमुख हैं।

# मृत्यु प्रमाण पत्र हासिल करने छूट रहा कर्मियों का पसीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जन्म मृत्यु रजिस्ट्रेशन के प्रमाण पत्र हासिल करने में लेटलतीफी को लेकर सीटू यूनियन की टीम सोमवार को सेक्टर 8 रजिस्ट्रेशन आफिस पहुंची।। कर्मियों ने शिकायत की थी कि 40- 40 दिनों तक प्रमाण पत्र नहीं मिल पा रहा है ।इससे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । यूनियन ने प्रबंधन से समस्या के निदान की मांग की है। सीटू के मुताबिक जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने वाले इस विभाग की पूरी व्यवस्था चरमरा गई है जवाब देही के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र हासिल करने के लिए किए जाने वाले आवेदन फार्म तक उपलब्ध नहीं है । जो भी फॉर्म मांगने आता है उन्हें अपने से फॉर्म की फोटो खींच कर कॉपी करवाने की सलाह देने को मजबूर हैं। जब बीएसपी का प्रिंटिंग प्रेस बंद होने के बाद से ही विभाग में अव्यवस्था है। कार्यालय में रजिस्ट्रेशन के लिए 700 केस पेंडिंग है । पूर्व में 7 से 10 दिन में प्रमाणपत्र मिल जाता था। विभाग में मात्र तीन कर्मचारी ही बचे हैं।

- सीटू यूनियन ने प्रबंधनस की समस्या निदान की मांग

### जंजाल बन गया है इंटरनेट और इंट्रानेट

यूनियन के मुताबिक जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने वाले दफ्तर का इंटरनेट व्यवस्था भी ठीक नहीं है कभी नेट मिलता है कभी नहीं मिलता है 15-15 दिन सर्वर डाउन रहता है नेटवर्क काम नहीं करता है। एक दिन में 50 आवेदन आते हैं और मुश्किल से 2-3 प्रमाण पत्र जारी हो पाते हैं ।

## पोषण पखवाड़ा शुरू, रैली से किया जागरुक



**भिलाई।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा। पखवाड़े का शुभारंभ जागरुकता साइकिल रैली निकालकर किया गया। मरोदा के सभी वार्ड, जोरातराई, नेवई, स्टेशन मरोदा, टंकी मरोदा से निकली और श्रमिक बस्तियों को लोगों को सही पोपण, कूपोषण मुक्ति के लिए बच्चों की देखभाल, स्वास्थय शिक्षा के बारे मे जानकारी दी गई। कार्यक्रम का आयोजन परियोजना अधिकारी पद्मजा सिन्हा के मार्गदर्शन मे पर्यवेक्षक शिल्पा श्रीवास्तव, पूनम साहू राजेश्वरी जांगड़े, सीमा पथिक, रेखा चेलक, गीता देशलहरे, मधुलता बारले आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मासूम को न्याय दिलाने कैंडल मार्च निकाला




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मासूम बच्ची के साथ हुए अनाचार कर हत्या की घटना मानवता को शर्मसार कर दिया है। प्रदेश में लगातार ऐसी जघन्य घटनाएं हो रही हैं। सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। इस दौरान राष्ट्रीय हुसैनी सेना ने श्रद्धांजलि दिया। राष्ट्रीय हुसैनी सेना के बैनर तले सैकड़ों युवाओं के साथ दुर्ग जिला अध्यक्ष सोहेल राईन के नेतृत्व में सुपेला घड़ी चौक में कैंडल मार्च निकाला। इस तरह के अपराध का विरोध जताया है। सोहेल राईन ने कहा कि प्रदेश में इस तरह की घटना हो रही है। इसे रोकने के लिए कड़ा कानून बनाना होगा। प्रदेश से नशा को तुरंत बंद करने की मांग पुलिस प्रशासन से किया है। कार्यक्रम में हुसैनी सेना दुर्ग जिला अध्यक्ष सोहेल राईन, गुफरान, अफताब, यासीन, रमजान, परवेज सलमानी, गोल्डी भाई, अज्जु अहमद चौहान,सुहेल अहमद,मो. गौस,शहीद अहमद, जिम्मी भाई, लल्लू भाई, हैदर अली, सोहेल खान, अरमान, अजमत हुसैन, सदाकत राईन, अफसर, इमरान खान, शैलेन्द्र शेख, फैजान खान मौजूद थे।

# संयंत्र के निष्पादन में भी सहायक है राजभाषा हिन्दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र, राजभाषा विभाग द्वारा चन्द्रपुर फेरो एलाए प्लांट, चन्द्रपुर में संयंत्र स्तरीय राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक राजेश धर्मराज गायकवाड़ और विशिष्ट अतिथिमहाप्रबंधक प्रशांत उराडे उपस्थित थे। कार्यशाला में बीएसपी की भी भागीदारी रही।

कार्यपालक निदेशक (चन्द्रपुर फेरो एलय प्लांट) संजय कुमार गजभिये के निर्देशानुसार उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन–चन्द्रपुर फेरो एलय प्लांट) श्री उमेश मधुकर उके, एवं सहायक महाप्रबंधक (कार्यपालक निदेशक सचिवालय–चन्द्रपुर फेरो एलय प्लांट) श्री अजय कुमार के संयोजन में आयोजित इस कार्यशाला में संयंत्र के सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि की आसंदी से अपने उदबोधन में श्री राजेश धर्मराज गायकवाड़ ने कहा कि हिंदी समूचे भारत में व्याप्त भाषा है। भारत का प्रत्येक व्यक्ति चाहे वो उसकी मातृभाषा हिंदी हो अथवा कोई अन्य भाषा, किंतु वह हिंदी समझता ही है। हमारे देश भारत की पहचान है हिंदी, समूचे भारत में हिंदी के माध्यम से हम कहीं भी कार्यव्यवहार कर सकते हैं। श्री गायकवाड़ ने कहा हिंदी हम सबके लिए आवश्यक है और हिंदी का प्रचार–प्रसार करना हमारे संयंत्र के निष्पादन में भी सहायक है, इसी उद्देश्य से हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया है। बीएसपी के उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने आनलाइन नोटशीट प्रणाली सैप में हिंदी भाषा में नोटशीट बनाने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई जिसमें प्रथम – जूनियर इंजीनियरिंग एसोसिएट आनंद पांडे, , द्वितीय महाप्रबंधक प्रशांत उराडे, तृतीय तकनीकी सहायक गौतम साहू रहे।



- संयंत्र स्तरीय राजभाषा कार्यशाला

# इंसेंटिव में हो संशोधन आयकर में मिले छूट

**भिलाई।** सौ महीने बीतने के बाद भी सेल कर्मचारियों का वेतन सममझौता अधूरा है । इसके चलत कर्मियों का 39 महीने का एरियर्स और भत्ते का भुगतान नहीं हुआ है। इसके लिए बीएकेएस यूनियन द्वारा एनजेसीएस सदस्यों को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। सेल कर्मियों के वेतन समझौता पर 21 अक्टूबर 2021 को एमओयू पर तीन एनजेसीएस यूनियनों ने हस्ताक्षर किए गए थे। बीएकेएस के कोषाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने बताया कि दूसरे महारत्ना कंपनियों तथा सेल अधिकारियों के मुकाबले 2 प्रतिशत कम एमजीबी तथा 8.5% कम पर्क्स प्रतिशत पर समझौता किया गया । तीन साल 6 माह बीत जाने के बाद भी न तो 39 माह के एरियर पर समझौता किया गया तथा न ही पर्क्स के एरियर पर भी कोई बात की गई । जबकि सेल अधिकिरियों को एक अप्रैल 2020 से पर्क्स को प्रभावी कर उसका 19 माह का एरियर्स कर दिया गया । पिछले 15 माह से फुल एनजेसीएस बैठक भी नहीं बुलाई गई है। मनमानी के खिलाफ बोकारो की एक यूनियन ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। बीएकेएस के सिंह ने बताया कि मुकदमे की अगली सुनवाई 21 जुलाई है। हमारी यूनियन कैटे में प्रबंधन के प्रस्तुत जवाब का रिप्लाई देगी। विदिते हो कि सेल कर्मियों की लंबित मांगों के तहत दूसरी कंपनियों के तर्ज पर 15% एमजीबी तथा 35% पर्क्स के लिए एमओए समझौता, 39 माह का एरियर तथा 58 माह का पर्क्स एरियर, इंसेंटीव रिवार्ड में संशोधन व. हाउस पर्क्युजीट में अधिकिरियों के तर्ज पर 50% आयकर छूट आदि लंबित हैं।

- बीएकेएस ने एनजेसीएस यूनियनों को जिम्मेदार बताया

# 40 लाख से चकाचक होगी जवाहर नगर सड़क, गड्ढे और कीचड़ से मिलेगी मुक्ति

**भिलाई।** वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के प्रस्ताव पर 15वें वित्त आयोग के मिलियन प्लस सिटी अंतर्गत जवाहर नगर की सड़क डामरीकरण के लिए 40 लाख की स्वीकृति मिली है। वार्ड-25 जवाहर नगर स्थित केएच मेमोरियल स्कूल के आसपास क्षेत्र की जर्जर सड़कों को दुरुस्त करने स्थानीय नागरिकों की मांग पर विधायक रिकेश सेन ने तत्काल 40 लाख रुपये का प्रस्ताव दिया था। सेन ने बताया कि 15वें वित्त आयोग के मिलियन प्लस सिटी के वायु गुणवत्ता सुधार मद अंतर्गत सड़क डामरीकरण के लिए स्वीकृति मिली है। वार्ड जवाहर नगर क्षेत्र अंतर्गत केएच मेगोरियल स्कूल के आसपास जर्जर सड़कों की वजह से बरसात में जहां कीचड़ होता था। वहीं गर्मी में धूल के गुबार से स्कूल तक पहुंचने वाले बच्चों और पालकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता था। यह मामला जब मेरे संज्ञान में आया तो तत्काल निगम कमिश्नर से चर्चा कर सड़क डामरीकरण का प्रस्ताव भेजा गया था। संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास ने 15वें वित्त मिलियन प्लस सिटी के अंतर्गत 40 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। अब बहुत जल्द जवाहर नगर की सड़कों को दुरुस्त कर डामरीकरण होगा।



# प्रतियोगिता के माध्यम से किया जा रहा जल संरक्षण के लिए जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दुर्ग जिले में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना वाटरशेड घटक अंतर्गत जनभागीदारी को बढ़ाने के लिए दुर्ग विकासखंड ढ़ाबा नाला एवं पाटन विकासखंड के कुर्मीगुण्डरा नाला में भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के अंतर्गत भूमि संसाधन विभाग के तत्वाधान में जल व भूमि के संसाधनों के संरक्षण और सतत उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वाटरशेड वेन के माध्यम से जलग्रहण क्षेत्रों का विकास, वर्षा जल संचयन, कृषि उत्पादकता में वृद्धि के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के उद्देश्य से वाटरशेड यात्रा जिले के दुर्ग विकासखंड के ग्राम गनियारी एवं पाटन विकासखंड के ग्राम कुम्हली पहुंचा।

वेन में ग्रामवासियों के समक्ष एलईडी के माध्यम से जल संरक्षण पर आधारित चलचित्रों का ऑडियो एवं विडियो प्रदर्शन किया गया। स्कूली बच्चों व ग्रामवासियों ने रैली निकालकर जल है तो कल है, जल ही जीवन है आदि का नारा लगाते हुए तालाब की सफाई कर श्रमदान किया। साथ ही वृक्षारोपण एवं नवीन स्वीकृत कार्यों का भूमिपूजन किया गया। पानी की पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामवासियों को जल संरक्षण विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर जल संरक्षण के संबंध में रंगोली एवं प्रश्नोत्तरी का आयोजन ग्राम गनियारी में कराया गया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम कु रितीका एवं रेश्मी, द्वितीय कु चेतना एवं वेदिका साहू, तृतीय कु कुसुमलता साहू ने स्थान प्राप्त किये। इसी प्रकार प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम प्रेम साहू, द्वितीय नंद कुमार साहू एवं तृतीय केवल राम साहू ने स्थान प्राप्त किये।

- निकाली जा रही वाटर शेड रैली

सभी विजयी प्रतिभागियों को जिला पंचायत सदस्य प्रिया साहू, जनपद सदस्य श्रीमती मिलन्तीन ठाकुर, सरपंच श्रीमती संतोषी साहू, उप सरपंच कीर्तिन साहू एवं पूर्व सरपंच रोहित साहू द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। इसी प्रकार ग्राम कुम्हली में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय नृत्य द्वारा स्वागत गान की प्रस्तुति दी गई।

## ऊपरी माले के रहवासियों को हो रही परेशानी

# गर्मी दिखाने लगी तेवर, टाउनशिप में पेयजल किल्लत शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

गर्मी अब धीरे धीरे अपना तेवर दिखाने लगी है। इसके साथ ही टाउनशिप में इस साल फिर पानी की किल्लत बढ़ने के आसार हैं। इसे देखते हुए क्वार्टरों में दोनों टाइम जलापूर्ति किए जाने की मांग की जा रही है।

टाउनशिप में पिछले दस साल से बीएसपी द्वारा एक ही जून पानी की दिया जा रहा है। सिर्फ एक जून जलापूर्ति की जा रही है। इससे गर्मी के मौसम में हजारों रहवासियों को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ता है। मौसम विभाग द्वारा इस साल अधिक गर्मी पड़ने की भविष्यवाणी की गई है। गर्मी बढ़ने के साथ ही रहवासियों को आगे पानी की समस्या बढ़ने की चिंता सताने लगी है। सेक्टर 6, 8 और सेक्टर 7 में ऊपरी माले के कई आवासों के नलों में पानी की धार पतली आ रही है। रविवार को सुबह पंद्रह पंद्रह मिनट पूर्व नल बंद हो जाने से लोगों को वाटर एटीएम आदि वैकल्पिक स्त्रोतों से पानी जुगाड़ना पड़ा। टाउनशिप में करीब पैंतीस हजार आवास हैं, जिनमें करीब दस हजार संयंत्र कर्मी तिमंजिला ब्लाकों में निवास करते हैं। गर्मी बढ़ने पर सबसे ज्यादा पेयजल समस्या दूसरे और दूसरे फ्लोर पर रहने वाले रहवासियों को ही होती है। ऊपरी माले के आवासों में पानी का वेग काफी कम होता है। लोगों को नीचे के क्वार्टरों के रहवासियों से पानी मांग कर गुजारा करना पड़ता है। बोरिंग, वाटर एटीएम आदि से भी लाइन में खड़े होकर पानी ढुलाई करते हैं।



### मिले दोनों टाइम पानी

टाउनशिप में गर्मी बढ़ने के साथ ही पेयजल की समस्या भी बढ़ेगी। लोगों के परेशानी को देखते हुए बीएसपी को फिर से दोनों टाइम जलापूर्ति किए जाने की जरुरत है। पहले भी यूनियनों द्वारा मांग की गई थी। टाउनशिप में मच्छरों की बढ़ी समस्या को देखते हुए फागिंग भी की जानी चाहिए।

- **विनोद कुमार सोनी,** महासचिव, एटक

### चुनाव में ही मिलता है दोनों जून पानी

टाउनशिप में सिर्फ चुनाव के समय बीएसपी क्वार्टरों में दोनों टाइम जलापूर्ति करती है। पांच साल पूर्व हुए आम चुनाव और एक साल पहले हुए विधानसभा चुनाव के पूर्व एकाएक दोनों टाइम जलापूर्ति शुरु कर दी गई थी। लेकिन मतदान के दूसरे दिन फिर से एक जून पानी दिया जाने लगा। इससे लोगों की परेशानी फिर बढ़ गई। रहवासियों ने बताया कि बीएसपी को चुनावी मौसम में ही नहीं बल्कि रहवासी बीएसम कर्मियों व परिवार की दिक्कतों को देखते हुए फिर से घरों में दोनों जून पानी दिए जाने की जरुरत है। गर्मी बढ़ने के साथ एक टाइम पानी में गुजारा मुश्किल होजा जाएगा।

## खबर संक्षेप

### नवरात्र में पहुंचे आठ लाख श्रद्धालु

**डोंगरगढ़।** चैत्र नवरात्रि पर्व में लगभग 8 लाख से अधिक देश विदेश के श्रद्धालु माता के दर्शन करने पहुंचे। उल्लेखनीय है कि नवरात्रि पर्व के मौके पर ऊपर मंदिर में 7455, नीचे मंदिर में 901 एवं शीतला मंदिर में 61 मनोकामना ज्योति प्रज्जवलित किया गया था। ज्योति कलशों का विसजन मानव श्रृंखला के रूप में किया गया। पर्व के दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, सहित अन्य नेता, अधिकारी आदि देवी दर्शन करने पहुंचे थे। मंदिर ट्रस्ट समिति ने पर्व के दौरान सहयोग के लिए जिला पुलिस, राजस्व विभाग, रेल्वे, यातायात विभाग, सशस्त्र पुलिस बल, विद्युत, स्वास्थ्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय, लोक निर्माण, वन, नगर पालिका, दूर संचार विभाग सहित अन्य का आभार व्यक्त किया है। यह जानकारी महेन्द्र परिहार ने दी।

### दुकान खुलने का समय तय नहीं

**पटेवा।** शासकीय उचित मूल्य की दुकान केकराजबोड़ का संचालन मिनी माता महिला स्व-सहायता समूह सोनभट्ठा द्वारा किया जा रहा है। समय पर दुकान के नहीं खुलने से उपभोक्ताओं को परेशानियां उठानी पड़ रही है। एक उपभोक्ता के दुकान खुलने के बारे में पूछने पर बताया गया कि शक्कर, नमक का पर्याप्त भंडारण होने पर ही दुकान खोला जाएगा, जबकि दुकान में खाद्यान्न का भंडारण हो चुका है।

### आवेदन लेने की अंतिम तिथि आज



**सड़क अतरिया।** राज्य सरकार के निर्देश पर इन दिनों सुशासन तिहार मनाया जा रहा है। आयोजन के तहत सभी पंचायत में 8 अप्रैल से शिविर लगाकर लोगों से आवेदन लिया जा रहा है। शिविर का कल शुक्रवार को अंतिम दिवस है। ग्रामीण अपनी समस्या या मांग को आवेदन निर्धारित प्रारूप में दे सकते हैं जिसका एक माह के अंदर निराकरण किया जाएगा। सभी पंचायतों में ग्रामीण आवास, पेयजल, पेंशन, महतारी वंदन, पीएम किसान सम्मान निधि, बिजली, राशन कार्ड तथा राजस्व संबंधी समस्या लेकर पहुंच रहे हैं।

### तूफान से वृक्ष धराशायी



**सड़क अतरिया।** बुधवार शाम को क्षेत्र में आंधी तूफान ने जमकर तबाही मचाया जिससे कच्चे मकान के रहवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सड़क अतरिया, पैलीमेटा, ठाकुरटोला में तेज गर्जना के बारिश हुआ। आंधी से सड़क किनारे के कई वृक्ष धाराशाही हो गया जिससे आवागमन कुछ देर बाधित रहा।

### अनिता मंडावी बनी सभापति

**डोंगरगढ़।** जिला पंचायत सदस्य अनिता मंडावी सहकारिता उद्योग समिति की सभापति निर्वाचित हुई है। उनके निर्वाचन से जिपं के क्षेत्र क्रमांक 10 बोरतलाव में उत्साह का वातावरण है। उल्लेखनीय है कि बोरतलाव क्षेत्र से भाजपा की अनिता मंडावी ने लगभग 10 हजार मतों के अंतर से कांग्रेस की रामछतरी चंद्रवंशी को पराजित किया था।

### पुनर्वास नीति का लाभ दिलाने सौंपा ज्ञापन

**डोंगरगढ़।** राज्य सरकार ने नक्सल हिंसा से प्रभावितों, नक्सलवादी, आत्मसमर्पण, आदि के पुनर्वास के लिए नई नीति लागू किया है। नई नीति तहत पीड़ति परिवारों को शासकीय नौकरी, सहायता राशि, आवास, जमीन, शिक्षा, रोजगार एवं विभिन्न योजनाओं में प्राथमिकता देने का प्रावधान है। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर नई पुनर्वास नीति का लाभ दिलाने की मांग किया गया है। धीरेन्द्र साहू ने बताया कि कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने जल्द पुनर्वास समिति की बैठक आयोजित कर सुविधा दिलाने का वादा किया है।



### श्रद्धा से मनायी कर्मा जयंती



**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत अछोली में तहसील स्तरीय माँ कर्मा जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे विधायक हर्षिता स्वामी बघेल शामिल हुई। श्रीमती बघेल ने भक्त माता कर्मा के चित्र में माल्यार्पण पूजन किया। उन्होंने भक्त माता कर्मा के भगवान कृष्ण के प्रति प्रेम और स्नेह को बताया। कार्यक्रम में जिला साहू संघ के पूर्व अध्यक्ष कमल किशोर साहू, तहसील अध्यक्ष हंसराज साहू, नीरो साहू, हेमंत साहू, सरपंच नंद साहू, चुमनदास साहू, पुखराज साहू, कुलदीप साहू, कचरू हिरवानी, सुजाता साहू, भारत साहू, मदन साहू, योधन साहू, तिजिया साहू, खेमिन साहू आदि उपस्थित थे।

### परमालकसा में जोत जंवारा का विसर्जन



**सोमनी।** ग्राम पंचायत परमालकसा में चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन शीतला मंदिर में स्थापित जोत जवारा का धूमधाम के साथ विर्सजन किया गया। नवरात्र के दौरान प्रतिदिन पूजा सेवा भजन आदि का आयोजन किया गया। विसर्जन यात्रा में काफी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए।





## उल्लास से मनाया जिन शासन के महानायक का जन्म कल्याणक

# चहुं ओर रही 'जीयो और जीने दो' की गूंज

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

जिन शासन के महानायक भगवान महावीर का जन्म कल्याणक गुरुवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। श्री सकल जैन समाज और श्री महावीर जन्म कल्याणक समिति के तत्वावधान में सुबह प्रभातफेरी निकालने के बाद भव्यतम शोभायात्रा निकालकर नगर भ्रमण किया गया। इस दौरान पूरे शहर में जियो और जीने दो की गूंज रही।

त्रिशला नंदन भगवान महावीर के जन्म कल्याणक के मौके पर सदर लाइन स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर से भव्यतम शोभायात्रा निकला गया जो इंदिरा गार्डन, पुराने बस स्टैंड, राजीव गांधी चौक, फव्वारा चौक, सदर लाइन होते हुए वापस मंदिर पहुंची। समूचे रास्ते में जैन समाज के अनुयायियों ने तीर्थंकर महावीर की आरती उतारा। शोभायात्रा के बाद जिन देव की पूजा अभिषेक किया गया।

### युवाओं ने दिखाया जोश

महावीर जन्म कल्याणक के एक दिन पूर्व बुधवार की शाम को जैन समाज के युवक युवतियों ने उत्साह के साथ बाईक रैली निकालकर नगर भ्रमण किया। इस मौके पर जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, जनपद के पूर्व उपाध्यक्ष सुयश नाहटा, नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष ललित लोढ़ा, पार्षद प्रियंक जैन, प्रफुल्ल जैन, जैन समाज के अध्यक्ष सतीश लल्ली, शीतल लोढ़ा, दिनेश नखत, राहुल राही, विमल जैन, सौरभ जैन, धरमचंद बोथरा, भाजपा नेत्री हिना जैन, प्रबोध जैन, जिनेन्द्र जैन, पारसमल लोढ़ा, हेमंत चोपड़ा, मनीष बोहरा, इंदरचंद लोढ़ा, रमन नाहटा, संदीप लोढ़ा, रानूलाल कोचर, शीतल लोढ़ा, योगेश गोलछा, अक्षय जैन, संदीप जैन, प्रमोद जैन, अरुण जैन, ओमप्रकाश, डॉ अशोक, राजकुमार जैन, गौरव नखत, प्रबोध जैन सहित अन्य बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### सेवा कार्य में जुटी जैन समाज की महिलाएं




ओसवाल जैन महिला मंडल की महिलाओं ने महावीर जन्म कल्याणक के मौके पर क्षीरसागर गौशाला में गुड़, रोटी, हरी सब्जी खिलाकर मूक मवेशियों की सेवा किया वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार रत मरीजों का फल प्रदान कर शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना किया। महिलाओं ने ओसवाल भवन के सामने स्टाल लगाकर लोगों की प्यास बुझाने के लिए शरबत का वितरण किया। इस दौरान श्रद्धा बोहरा, रीता नाहटा, पिंकी लोढा, सुशीला नाहटा, श्वेता नाहटा, पुष्पा कोचर, निशा नखत, मेघा नाहटा, निधि बोहरा, रविना बोहरा, पूनम जैन, रश्मि जैन सहित अन्य मौजूद थी।

### शोभायात्रा में गूंजे भक्तिमय गीत



**गंडई पंडरिया।** गंडई नगर में जैन समाज ने भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक धूमधाम से मनाया। स्वाध्याय भवन से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए पंडरिया स्थित गांधी चौक पहुंची। शोभायात्रा के दौरान समाज के प्रसिद्ध गायक ने भगवान महावीर के संदेशों और सिद्धांतों पर आधारित गीतों की मधुर प्रस्तुति दी। शोभायात्रा के बाद पंडरिया के जैन धर्मशाला में सामाजिक भोज का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। इसके पश्चात विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम और मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों, महिलाओं आदि ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान समाज के वक्ताओं ने बच्चों को भगवान महावीर के जीवन और उनके सिद्धांतों की जानकारी दी।

## धर्मनगरी में बाजे गाजे के साथ निकाली शोभायात्रा, थिरके भक्त



**डोंगरगढ़।** श्री दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में दुनिया को जियो और जीने दो का संदेश देने वाले भगवान महावीर का जन्म कल्याणक हर्षोलास के साथ मनाया गया। तीन दिन पूर्व से प्रातः 6 बजे से भक्तों द्वारा भगवान का भजन कीर्तन करते हुए प्रभात फेरी निकाला जा रहा था। गुरुवार को जन्म कल्याणक के मौके पर प्रातः भगवान का अभिषेक, पूजन एवं मंगल आरती की गई। प्रातः 9 बजे भगवान महावीर की भव्य शोभायात्रा गाजे – बाजे के साथ निकाली गई। इस दौरान निखिल जैन के भजनों पर भक्तों ने जमकर नृत्य किया। शोभायात्रा श्री दिगम्बर जैन मंदिर से शुरू होकर बुधवारी, रेलवे चौक, जयस्तंभ चौक, गोल बाजार होते हुए वापस जैन मंदिर पहुंची। शहर भ्रमण के दौरान जगह जगह भगवान की अगवानी के लिए भक्तों ने अपने घर के सामने रंगोली बनाया था। आरती कर एवं श्रीफल चढ़ाकर वंदन किया गया। शोभायात्रा के बाद मंदिर मे भगवान का पुनः अभिषेक, पूजन एवं मंगल आरती किया गया। इस मौके पर शोभा बैग हाउस, हैप्पी कलेक्शन एवं सिंघई बुक डिपो ने प्रतिष्ठान के सामने छाछ एवं शरबत वितरित किया। जागृति महिला मंडल ने वृद्धाश्रम एवं अस्पताल में फल वितरण किया। इस मांगलिक कार्यक्रम के लिए दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष अनिल जैन, कोषाध्यक्ष जय कुमार जैन, यतीश कुमार जैन ने सभी का आभार जताया है। इस दौरान किशोर जैन, निर्मल जैन, अमित जैन, निशांत जैन, हरिश भंडारी, अभिषेक जैन, आलोक जैन, मीनू जैन, नितिन जैन, नीरज जैन के अलावा अन्य उपस्थित थे।

### 25 ने किया रक्तदान

श्वेतांबर जैन समाज महिला मंडल के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन महावीर भवन पटेल वार्ड में किया गया। बुधवार को प्रातः 8.01 से 9.36 बजे तक नवकार महामंत्र के जाप के साथ रक्तदान शिविर की शुरूवात हुई। मेडीकल कॉलेज पेंड्री के सहयोग से 25 यूनिट रक्त संग्रह किया। समाज के महिला पुरूषों ने आगे बढ़कर रक्तदान किया।

### सुशासन तिहार: तीन दिनों मिले 300 आवेदन

**छुईखदान।** प्रदेश सरकार के सुशासन तिहार में नागरिकों की भागीदारी बढ़ने लगी है। आयोजन के तीसरे दिन लगभग 200 से अधिक लोगों ने आवेदन दिया है। ज्ञात हो कि निर्देशानुसार कल 11अप्रैल को आवेदन लेने का अंतिम दिन है। एक माह की अवधि में आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। सुशासन तिहार के तहत नगर पंचायत छुईखदान द्वारा आम जनो की सुविधा को देखते हुए वार्डो में कैंप लगाया जा रहा है। सीएमओ कमल नारायण जंघेल ने बताया कि नगर वासियों की सुविधा को ध्यान में रख कर वार्डो में आवेदन लेने का स्थान निर्धारित किया गया है जहां वार्डवासी सुविधा अनुसार पहुंचकर आवेदन प्रस्तुत कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार नगरवासियों ने पिपरिया जलाशय से 32 ग्रामों तक जल जीवन मिशन के तहत बिछाई जा रही पाइप लाइन से नगर पंचायत को भी पानी देने की मांग करते हुए आवेदन दिया है।

## दुष्कर्म मामले में आरोपी को फांसी देने की मांग




■ जन कल्याण समिति ने घटना को बताया शर्मनाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

जन कल्याण समिति ठाकुरटोला के युवाओं ने दुर्ग में 6 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना पर आक्रोश व्यक्त किया है। उन्होंने इस कृत्य पर चिंता व्यक्त करते हुए सभी से सतर्क रहने का आह्वान किया।

जन कल्याण समिति ठाकुरटोला के युवाओं ने इस संबंध में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया है। ज्ञापन सौंपकर आरोपी को फांसी देने की मांग की जाएगी। युवाओं ने उरला में रामनवमी के दिन 6 वर्षीय बच्ची के साथ घिनौने कृत्य की निंदा करते हुए कहा कि इस घटना ने मानवता को शर्मसार कर दिया है। उन्होंने आरोपी को फांसी देने की मांग करते हुए कहा कि ऐसा नहीं होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान सुखनंदन साहू, मनोज साहू, राकेश रोडगे, किशनसिंह मंडावी, टाकेन साहू, निरंजन टंडन, शिव गात्रेकर, डोगेंद्र धुर्वे, संतकुमार सेन आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## बारिश से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

तेज गर्मी के बाद बीते दो दिनों से हल्की बारिश और ठंडी हवा से लोगों को कुछ राहत मिली है। अचानक बारिश होने के बाद घंटो बिजली गुल रही। शहर में मंगलवार को बारिश होने के बाद को कुछ जगह बारिश के साथ ओले भी गिरे है। तेज हवा के चलते कई होर्डिंग बोर्ड उखड़ गए और पेड भी गिर गए। बारिश और तेज हवा से किसी प्रकार की हानि होने की खबर नहीं है। बीते दो दिन मे हुई बारिश से किसानों को फायदा हुआ है। जो किसान नदी नालों के सूखने के बाद गढढा खोदकर सिंचाई कर रहे थे। अब नदियों में पानी आने के बाद उसकी जरूरत पूरी होने लगी है।

### कई वृक्ष हुए धराशायी

तेज हवा के साथ बारिश होने से कई पेड़ गिर गए। कुछ पेडों को ग्रामीण रातों रात उठा कर घर ले गए। बताया जाता है कि गिरे पेडों की लकड़ी को काटकर लकड़ी तस्कर वाहनों में भर कर ले गए। कहा जा रहा है कि लगभग 4 से 5 लाख की लकड़ी पार कर दिया गया है।

## मतदान करने की अपील

**डोंगरगांव।** पेंशनरों की बैठक गत दिनों यादव भवन में आयोजित की गई। बैठक में डॉ केएल टांडेकर के पक्ष में वोट डालने का निर्णय लिया गया। बैठक में शामिल होने पहुंचे डॉ. टांडेकर का पेंशनरों ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष महेश अत्री ने प्रांतीय अध्यक्ष पद के प्रत्याशी डॉ. टांडेकर के बारे में विस्तार से बताते हुए सभी से उनके पक्ष में मतदान करने की अपील किया। इस मौके पर श्री टांडेकर ने कहा कि डोंगरगांव भी उनका कर्म भूमि रहा है। पेंशनरों को केपी सिंह, दीपक सिन्हा, जीआर देवांगन, राजेन्द्र सिंह ठाकुर आदि ने संबोधित किया।संचालन बिसेलाल यादव ने किया।

## शिकायत के बाद नालियों की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

■ गंदगी से मंडरा रहा था बीमारी फैलने का खतरा



शहर के विभिन्न वार्डों सहित मुख्य मार्गो की सफाई को लेकर लगातार शिकायतें मिलने के बाद पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, सभापति डी एकेश राव, सीएमओ सीके शर्मा एवं पार्षद इन दिनों जाम नालियों को साफ कराने जुटे है। उल्लेखनीय है कि कई नालियां महीनों से साफ नहीं हुई है। गंदगी से बजबजाती नालियों की सड़न से बीमारी फैलने का खतरा मंडराने लगा था। बताया जाता है कि नालियों में साल भर से दवाई का छिडकाव भी नही हुआ है जिससे कीडे मकोड़े पनपने लगे थे। लगातार शिकायत मिलने के बाद प्राथमिकता के साथ नालियों की सफाई कराया जा रहा है। सफाई के बाद कचरा का उठाओ नही होने और बारिश होने पर पूरा कचरा मार्गों मे फैल गया है।

## पेज 11 के शेष

### हरे-भरे वृक्षों पर ...

मजबूरी में छोड़ना पड़ जाता है आखिर थानेदार करें तो करे क्या। इसी तरह अवैध रूप से हरे पेड़ों की कटाई की शिकायत की जाए, तो कुछ नहीं होता। ठेकेदार के पास तुरंत फोन आ जाता है कि फलाने व्यक्ति ने आपके खिलाफ शिकायत कर दी है।

### जिले के 31 प्रधान आरक्षक ...

हाल थाना बेमेतरा सम्बद्ध से थाना बेमेतरा, प्रधान आरक्षक आलोक हिरवानी रक्षित केन्द्र,हाल थाना बेमेतरा सम्बद्ध से चौकी संबलपुर, प्रधान आरक्षक गजेन्द्र पाल बार्गो रक्षित केन्द्र,हाल थाना बेमेतरा सम्बद्ध से चौकी संबलपुर, प्रधान आरक्षक राकेश कुमार मरावी रक्षित केन्द्र,हाल थाना बेमेतरा सम्बद्ध से चौकी खण्डसरा, प्रधान आरक्षक नरेन्द्र ठाकुर रक्षित केन्द्र, हाल थाना बेमेतरा सम्बद्ध से चौकी देवरबीजा संबद्ध पुअ कार्यालय/शिकायत/सीसीटीएनएस, प्रधान आरक्षक योगेश यादव रक्षित केन्द्र बेमेतरा से चौकी मारो, प्रधान आरक्षक अजय बंजारे चौकी संबलपुर से थाना नवागढ़, प्रधान आरक्षक राजेश राजपूत चौकी संबलपुर से रक्षित केन्द्र बेमेतरा, प्रधान आरक्षक राजीव शर्मा रक्षित केन्द्र से थाना दाढी, प्रधान आरक्षक दुर्गेश तिवारी चौकी मारो से थाना साजा, प्रधान आरक्षक विजय शुक्ला चौकी मारो से थाना नांदघाट, महिला प्रधान आरक्षक पुनम ठाकुर थाना नवागढ से थाना बेरला भेजे गए हैं।

### इन आरक्षकों के ...

साहू रक्षित केन्द्र चौकी खण्डसरा, आरक्षक चंद्रप्रकाश बघेल रक्षित केन्द्र से देवरबीजा, आरक्षक सुंदर लाल कश्यप रक्षित केन्द्र से थाना बेमेतरा, आरक्षक अशोक ध्रुव रक्षित केन्द्र से चौकी खण्डसरा, आरक्षक आमीर हुसैन रक्षित केन्द्र से थाना चंदनू सहित अन्य कर्मचारियों का स्थानांतरण प्रशासनिक दृष्टिकोण एवं 03 वर्षों से रक्षित केंद्र, थाना-चौकी एवं अन्य शाखा में पदस्थ जिले के 133 आरक्षक एवं 31 प्रधान आरक्षक सहित 164 कर्मचारियों का फेरबदल किया गया है। जिसमें से 07 आरक्षक एवं 01 प्रधान आरक्षक को थाना, चौकी, कंट्रोल रूम, सायबर सेल एवं अन्य शाखा से रक्षित केन्द्र बेमेतरा भेजा गया है। इस नवीन स्थानांतरण से पुलिसिंग में और कसावट आएगी।

HEALTH TOWN
K'sagar's
श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप




### महापौर ने किया प्याऊ घर का उद्घाटन

**दुर्ग।** वार्ड क्रमांक 24 स्टेशन रोड स्वरूप टॉकीज के करीब सनशाइन हा से स्कूल परिसर के बाहर स्काउट गाइड द्वारा कंठ सुधा प्याऊ घर का शुभारंभ महापौर श्रीमती अलका बाघमार द्वारा किया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य ज्ञानेश्वर ताम्रकर, पार्षद सुश्री पायल पाटिल, पूर्व पार्षद नरेश तेजवानी, शिक्षा विभाग क्रीड़ा अधिकारी तनवीर अकीर मौजूद थे। इस अवसर पर महापौर ने स्कूल परिसर में प्याऊ घर के शुभारंभ पर खुशी व्यक्त की और कहा कि यह स्कूल व राहगीरों के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा। यह प्याऊ घर बच्चों, शिक्षकों व राहगीरों को गर्मी के मौसम में पानी की सुविधा प्रदान करेगा। स्कूल परिसर के बाहर प्याऊ घर के शुभारंभ से स्कूल के बच्चे, शिक्षक सहित नागरिक खुश हैं। प्याऊ को प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग कर खुबसुरती से सुसज्जित किया गया है। महापौर ने नागरिकों से अपील की कि भीषण गर्मियों में अपने घर के आस पास पक्षियों व पशुओं के लिए कोटना में पानी अवश्य रखें।

### मासूम को न्याय दिलाने संस्था ने सौंपा ज्ञापन

**दुर्ग।** उरला वार्ड में 6 साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म और हत्या के अपराधी को फास्ट्रेक कोर्ट के माध्यम से जल्द से जल्द कार्यवाही करते हुए मृत्यु दंड व फांसी की सजा दिलाने की मांग जीवनदान सेवा संस्था छत्तीसगढ़ ने जिलाधीश अभिजीत सिंह दुर्ग को ज्ञापन सौंपा हैं। जिलाधीश से आग्रह किया कि, मुजरिम को कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए, जिससे कि अपराध करने वाले अपराधियों के मन में भय व्याप्त हो और ऐसी घटना भविष्य में दोबारा ना घटित हो। संगठन के महासचिव योगेश्वर मानिकपुरी ने बताया कि, जीवनदान सेवा संस्था जिला दुर्ग की महिला विंग के दिशा निर्देश पर ज्योति कम्मो चंद्राकर, ममता गोस्वामी, नाइशा चंद्राकर, नीतू कुशवाहा, सुमन ठाकुर द्वारा आज जिलाधीश को ज्ञापन सौपा गया। जिसमे संस्था के जिला अध्यक्ष मनीष सोनी, महासचिव योगेश्वर मानिकपुरी, सचिव नरेन्द्र कुमार, कोषाध्यक्ष खिलेन ठाकुर, दीपक मानिकपुरी, डॉलर परमार, राजकुमार देवांगन सभी उपस्थित रहे।

### कांस्य मंडल बोर्ड गठन की विनोद ने रखी मांग

**दुर्ग।** छग शासन द्वारा समाजिक स्तर पर पुस्तैनी धंधा को मजबूत बनाने व विलुप्त होते व्यापार को आगे बढ़ाने आयोग, बोर्ड मंडल का गठित कर आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। जैसे माटी कला बोर्ड, केसकला बोर्ड, रजत मंडल, तेलघानी बोर्ड, मछवारा मंडल आदि का गठन कर इस व्यवसाय पर जुड़े समाज के व्यक्तियों को शसक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में दुर्ग जिला थोक उपभोक्ता सहकारी भंडार के अध्यक्ष विनोद ताम्रकार ने कांसा कास्य मंडल बोर्ड आयोग का गठन करने की मांग की है।

## आयोजन : समस्या, शिकायत व मांग संबंधी आवेदन देने की आज अंतिम तिथि

# सुशासन तिहार : जिले में दो दिन में मिले 24455 आवेदन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत "आवेदन लेने समाधान पेटी में डालने का प्राप्त करने का सिलसिला " महावीर जयंती के अवकाश के दिन भी चला। यह अभियान कल 11 अप्रैल 2025 तक चलेगा, जिसमें आम जनता से उनकी समस्याएं, माँग और शिकायतों के आवेदन आ रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा यह प्रक्रिया सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक जिले के ग्राम पंचायत मुख्यालयों, नगरीय निकाय कार्यालयों, हाट-बाजारों एवं कॉमन सर्विस सेंटरों में संचालित की जा रही है।

प्रत्येक स्थल पर समाधान पेटियाँ लगाई गई हैं, जिसमें हर वर्ग की महिला और पुरुषों अपनी समस्याएं लिखकर बिना किसी झिझक के डाल रहे हैं। इस पहल के पीछे उद्देश्य है कि शासन और प्रशासन तक सीधे तौर पर जनता की आवाज पहुंचे और उन्हें त्वरित समाधान मिल सके। जिला कार्यालय बेमेतरा में भी एक समाधान पेटी लगाई गई है, जिसमे लोगों ने अपने आवेदन डाले हैं। इसी प्रकार अन्य स्थानों पर लगायी गयी समाधान पेटी में आवेदन डाले गए है । मिली जानकारी अनुसार बेमेतरा जिले में दो दिन में 8 और 9 अप्रैल को लगायी गई पेटी में विभिन्न समस्याओं, मांगों और शिकायत संबंधी 21936 आवेदन प्राप्त हुए । इसी प्रकार ऑनलाइन 2519 आवेदन प्राप्त हुए । इस प्रकार जिले में दो दिन 24455 आवेदन प्राप्त हुए है । प्राप्त आवेदन अधिकांश 23262 आवेदन विभिन्न माँग के संबंध में और 1193 शिकायत संबंधी है । इन आवेदनों में ऑनलाइन 2519 आवेदन भी शामिल है। इसमें 2147 माँग संबंधी और 372 शिकायत संबंधी भी शामिल है । प्रत्येक आवेदन को पोर्टल में पंजीकृत कर ऑनलाइन अपलोड किया जा रहा है। आवेदनकर्ता को भी पावती दी गई है। आवेदन संबंधित विभाग को निराकरण हेतु भेजे जा रहे हैं।

### कलेक्टर सहित जिला अधिकारी कर रहे हैं निरीक्षण

कलेक्टर रणबीर शर्मा सहित जिला पंचायत सीईओ नोडल अधिकारी सुशासन तिहार अंतर्गत आवेदन लेने की प्रक्रिया और इन केंद्रों में व्यवस्था का अवलोकन करने नगरीय निकाय व ग्राम पंचायतों में पहुंच रहे हैं। कलेक्टर श्री शर्मा ने बेरला, साजा और नवागढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत में जाकर लिए जा रहे आवेदनों की प्रक्रिया का निरीक्षण कर कर रहे हैं। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने नवागढ़ नगर पंचायत पहुंचे। आवेदन देने आयी महिलाओं से बातचीत की। उनकी समस्या व शिकायत जानी । उन्हें सुशासन तिहार और आवेदन प्रक्रिया के संबंध में बताया साथ ही आगामी 5 मई से 31 मई तक आयोजित होने वाले समाधान शिविर की जानकारी भी दी । उन्होंने बुधवार को साजा ब्लॉक के ग्राम पंचायत मोहगांव में जाकर आवेदनों की प्रक्रिया का निरीक्षण किया । उन्होंने तहसील और एसडीएम कार्यालय में भी जाकर आवेदन कर्ताओं से भी बात की थी।

**सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों को लेकर कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश**

## प्राप्त आवेदनों का एक माह के भीतर गुणवत्ता पूर्ण निराकरण करें : शर्मा

**बेमेतरा।** सुशासन तिहार 2025 को लेकर कलेक्टर रणवीर शर्मा ने बेरला, साजा विकासखंड के बाद आज नवागढ़ में अनुविभागीय स्तरीय कार्यों की समीक्षा की। आज 11 अप्रैल को बेमेतरा अनुविभागीय स्तरीय कार्यों की समीक्षा करेंगे। कलेक्टर ने बारी-बारी से विभाग वार समीक्षा की । बैठक जनपद पंचायत नवागढ़ में आयोजित थी ।

उन्होंने कहा जिले में सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत "आवेदन संग्रहण" मंगलवार से लेना शुरू हो गया है। यह अभियान 11 अप्रैल 2025 तक चलेगा, जिसमें आम जनता से उनकी समस्याएं,माँग और शिकायतें आवेदन एकत्र किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा यह प्रक्रिया सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक जिले के ग्राम पंचायत मुख्यालयों, नगरीय निकाय कार्यालयों, हाट-बाजारों समाधान पेटियां लगायी गई है । जिसमें लोग अपनी समस्या, माँग और शिकायत संबंधी आवेदन डाल रहे हैं । इसके अलावा कॉमन सर्विस सेंटरों और ऑनलाइन भी आवेदन लिए जा रहे है। प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभाग को भेजा जा रहा है । संबंधित विभाग प्राप्त आवेदनों पर एक माह के भीतर गुणवत्ता पूर्ण निराकरण करें । इसमें कोई कोताही, लापरवाही ना बरतें । सही और सलीके से काम हो ताकि आम जन को कोई दिक्कत या परेशानी ना हो ।

स्कूल,स्वास्थ्य केंद्र एवं कार्यालयों में शिक्षक, अधिकारी-कर्मचारी समय पर उपस्थित रहे । आम जानता के कार्यों को प्राथमिकता से निराकृत करें। शासकीय उचित



मूल्य की दुकानें समय पर खुले, हितग्राहियों को राशन सही तौल के साथ गुणवत्ता पूर्ण राशन मुहैया कराए। राशन दुकानों में भाव राशन की जानकारी अंकित हो सुनिश्चित करें । साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें । सरपंच भी देखें कि उनके क्षेत्र में काम समय पर हो । पात्र हितग्राहियों को सरकारी योजना का पूरा लाभ मिले । बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत टेकचंद्र अग्रवाल, अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी, एसडीएम दिव्या पोटाई, विभिन विभागों के जिला और विकासखंड अधिकारी, सरपंच सहित उचित मूल्य के दुकानदार उपस्थित थे ।

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने अधिकारियों से आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने और सुशासन तिहार को जिले में नागरिकों के विश्वास को मजबूत करने का एक सफल और ऐतिहासिक अवसर बनाने का आह्वान किया। उन्होंने सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।

### 5 से 31 मई तक लगेगा समाधान शिविर

कलेक्टर ने बताया कि कहा कि आगामी 5 मई से 31 मई प्रत्येक समाधान शिविर में जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और हितग्राहीमूलक योजनाओं के फॉर्म वितरित किए जाएंगे। खंडस्तरीय प्रभारी अधिकारी, अनुभाग, विकासखंड तथा जिला स्तर के अधिकारी मौके पर उपस्थित रहेंगे। साथ ही जनप्रतिनिधियों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी।"सुशासन तिहार 2025" के माध्यम से अधिकारी आमजन की समस्याओं का समाधान तत्परता से करेंगे।

# रामनवमी पर श्रीराम जानकी मंदिर में हुआ भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़



रामनवमी के पावन पर्व पर नगर के प्राचीन और ऐतिहासिक श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस भक्ति से परिपूर्ण आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

इस आयोजन का नेतृत्व महंत सुरेंद्र दास ने किया, जबकि इसे सफल बनाने में मंदिर समिति एवं सेवाभावी नागरिकों का सराहनीय योगदान रहा। दिनभर मंदिर परिसर में धार्मिक कार्यक्रम, भजन-कीर्तन और सेवा कार्य संपन्न होते रहे, जिससे भक्तिमय वातावरण बना रहा। इस आयोजन में बबलू ताम्रकार, अरुण बरनवाल, मनोज सोनी, राजा खुराना, विनोद साहू, विद्यानंद जायसवाल, राजा देवांगन, विनोद मिश्रा, गंगा दास पुजारी, आर्यन दास पुजारी, लक्ष्मी चंद जैन, कुमार वर्मा, जिनेंद्र वर्मा, वासु यादव, दिवाकर सिंह, गुलाब पाल, संतोष यादव, भूमिका शर्मा, नैनाश्रेया, परी, श्रद्धा, अंजू, आंचल, रंजीता, भुवनेश्वरी वर्मा, रितु, गीतू, सारण्या सहित कई श्रद्धालु एवं सेवकगण उपस्थित रहे।

करीब 300 वर्ष पुराना यह मंदिर नवागढ़ का प्रमुख धार्मिक स्थल है, जिसका निर्माण राजा नरवर साय के नगर में हुआ था। मंदिर में भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मणजी, राधा-कृष्ण, गरुड़जी और हनुमानजी की प्रतिमाएं स्थापित हैं। विशेष बात यह है कि गर्भगृह में श्रीराम के साथ राधा-कृष्ण की मूर्तियाँ भी विराजमान हैं, जो श्रद्धालुओं को विशिष्ट आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान करती हैं। मंदिर की सेवा-देखरेख समेसर के महंत परिवार द्वारा की जाती है। वर्तमान में महंत सुरेंद्र दास इस परंपरा को निभा रहे हैं। मंदिर परिसर में स्थित 'धुनी' स्थल पर प्रतिदिन धूप-धुनी और पूजा-अर्चना की जाती है। साथ ही रामेश्वरम के धनुषकोटि से लाया गया तैरता हुआ पत्थर भी यहाँ दर्शनार्थ रखा गया है, जिसे रामसेतु का अवशेष माना जाता है।

## देवकर में धूमधाम से मनाई गई भगवान महावीर स्वामी जयंती ...




**देवकर।** नगर भगवान श्री महावीर जन्मकल्याण महोत्सव के उपलक्ष में जैन श्री संघ एवं भगवान विमलनाथ मंदिर ट्रस्ट एवं नवयुवक मंडल ,महिला मंडल ने विभिन्न कार्यक्रम कर धूमधाम से मनाया। सुबह 9 :00 बजे प्रभात फेरी निकाली गई 11 :00 बजे भगवान महावीर स्वामी का पूजा अर्चना की गई। दोपहर 3 :00 बजे से 6 :00 बजे तक भंडारा का आयोजन नवयुवक मंडल द्वारा किया गया।

# महावीर जयंती पर जैन समाज ने किया शरबत वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

भगवान महावीर जयंती के अवसर पर जैन युवा मंडल द्वारा शीतलता और सेवा के भाव को लेकर शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राज्यभर में पड़ रही भीषण गर्मी के बावजूद इस पुनीत अवसर पर सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने अपनी विशेष उपस्थिति दर्ज कर कार्यक्रम की सराहना की।

योगेश तिवारी ने कहा कि भगवान महावीर का जीवन त्याग, अहिंसा और करुणा का प्रतीक है। ऐसे महान संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सेवा कार्य जैसे कार्यक्रम अत्यंत सराहनीय हैं। इस आयोजन में धीरज जैन (अध्यक्ष, जैन युवा मंडल), ललित कोचर (कोषाध्यक्ष), शुभम मालू (सचिव) के नेतृत्व में युवा साथियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से तेजस सुराणा, आयुष लोढ़ा, मयंक बुढर, नीरज सकलेचा, अभिषेक लोढ़ा, यश सुराणा, जस सुराणा, सिद्धार्थ लोढ़ा उपस्थित रहे। शहर के नागरिकों को ठंडा शरबत वितरित कर जैन समाज के युवाओं ने भगवान महावीर की अहिंसा और सेवा की भावना को जीवंत किया। कार्यक्रम का समापन जय जिनेन्द्र और सेवा भावना के संकल्प के साथ हुआ।

**महावीर जयंती के अवसर पर की गई सफाई**

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ में अधिकारी-कर्मचारियों ने किया श्रमदान

**नवागढ़।** महावीर जयंती के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग नवागढ़ के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्रमदान करते हुए अस्पताल परिसर व गार्डन की सफ़ाई की।



कार्यक्रम का नेतृत्व खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. एमएम रज़ा ने किया। सुबह 07 से 9:30 बजे तक चले इस श्रमदान में कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. रज़ा ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि यह एक सतत प्रक्रिया है जिसे हमें अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। अस्पताल जैसी सार्वजनिक सेवाओं से जुड़ी जगहों पर स्वच्छता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि यहीं पर लोग अपने स्वास्थ्य की उम्मीद लेकर आते हैं। एक स्वच्छ वातावरण न केवल मरीजों को बेहतर इलाज की सुविधा देता है, बल्कि स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के कार्य प्रदर्शन को भी सकारात्मक रूप से प्रभावित करता है। उन्होंने आगे कहा कि महावीर जयंती जैसे अवसरों पर हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि हम न केवल अपने कार्यस्थल को स्वच्छ रखें, बल्कि समाज में भी स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाएं। यह हमारा नैतिक और सामाजिक दायित्व है। इस स्वच्छता अभियान में सी.के. देवांगन, के.डी. टंडन, यू.आर. ध्रुवे, प्रमोद साहू, सुनील नवरंगे, लता उमरे, कीर्तन, सपना, संतोषी, रिया, भानु बंजारे, मंजू रजक, राजेश, सुनील राठौर सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रजककार विकास बोर्ड के चेयरमैन प्रह्लाद रजक का एयरपोर्ट पर स्वागत

# पार्टी का आदेश सर्वोपरि, समाज का नाम ऊंचा रखूंगा : प्रह्लाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा





प्रदेश सरकार द्वारा नियुक्त रजककार विकास बोर्ड के चेयरमैन प्रह्लाद रजक का लखनऊ उत्तरप्रदेश प्रवास से लौटते व्यक्त एयरपोर्ट पर प्रदेशभर के धोबी समाज के लोगों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।

जिले से भी समाज के लोग व भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। एयरपोर्ट से काफिला प्रदेश भाजपा कार्यालय पहुंचा जहां प्रदेश प्रभारी अजय जामवाल, संगठन मंत्री पवन साय, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सावनी, पूर्व विधायक सियाराम साहू सहित अन्य पदाधिकारियों से भेंट कर प्रहलाद रजक की नियुक्ति पर आभार जताया। जिले से स्वागत करने वालों में राजेंद्र निर्मलकर, अमरीका निर्मलकर, नारायण निर्मलकर, ध्रुव रजक, रूपेश रजक, आशीष जैन, शिवम् तिवारी, दीपक मोटवानी, देवकर नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश सिहोरे सहित अन्य समर्थक शामिल रहे।

रजककार विकास बोर्ड के संबंधित मंत्री रामविचार नेताम के निवास के सामने धोबी समाज ने सम्मान समारोह आयोजित कर नवनियुक्त अध्यक्ष प्रहलाद रजक का अभिनंदन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री के नए सचिव तुलसी कौशिक, पद्मश्री रजनी रजक, किशन लाल निर्मलकर, अमृतलाल बरेठ, संतराम कन्नौज, राकेश कुमार रजक, राकेश निर्मलकर, श्रीलाल मालवीय, विनय, पंकज निर्मलकर सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

रजककार विकास बोर्ड के चेयरमैन प्रह्लाद रजक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बाल्यकाल से आरएसएस की विचारधारा के साथ कार्य करते हुए राष्ट्र सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहा हूं। पार्टी ने जिस किसी रूप में कार्य करने जिम्मेदारी दी है, उसे पूरी ईमानदारी से करने का प्रयास करता रहा हूं। प्रदेश संगठन एवं मुख्यमंत्री व पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने रजककार विकास बोर्ड का अध्यक्ष बनाया है पार्टी का आदेश सर्वोपरि है। इस मंच के माध्यम से विश्वास दिलाता हूं कि समाज का नाम हमेशा ऊंचा रखूंगा।

online Booking:-www.tripuryatra.com




23 मई, 06 जून, 25 जुलाइ,14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (8 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ ,जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)

राशि:-स्लीपर 9,500/- , 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411